Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:13 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 24 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 9 जुलाई 2026
रिसेप्शन पर थिरके रणवीर...पेज-3 पर

# सूने पड़े सिनेमाघरों के पर्दे, कभी तालियों से गूंजता था हल्द्वानी

हल्द्वानी
सलीम खान

कुमाऊं के प्रवेश द्वार के रूप में पहचाने जाने वाले हल्द्वानी शहर की पहचान कभी सिर्फ बाजारों और रौनक से नहीं, बल्कि यहां के गुलजार सिनेमाघरों से भी होती थी। एक दौर ऐसा था जब शहर के सिनेमा हॉल मनोरंजन का सबसे बड़ा केंद्र हुआ करते थे। त्योहारों का उत्साह हो या छुट्टियों की मस्ती—नई फिल्म लगते ही टिकट खिड़कियों पर लंबी कतारें लग जाया करती थीं।

ईद, होली, दिवाली जैसे त्योहारों पर परिवार, दोस्त और रिश्तेदार मिलकर सिनेमा देखने जाना एक परंपरा जैसा था। बच्चों के चेहरे पर उत्साह, युवाओं में नई फिल्मों का क्रेज और बुजुर्गों की पुरानी यादें—सिनेमा हॉल हर पीढ़ी को एक साथ जोड़ने का काम करते थे। फिल्म के दौरान तालियों की गूंज, सीटियों की आवाज और इंटरवल में चाय-समोसे की महक उस दौर की खास पहचान थी। हल्द्वानी के प्रेम टॉकीज, नाहिद टॉकीज, लक्ष्मी टॉकीज और सरगम टॉकीज जैसे सिनेमाघर कभी शहर की शान हुआ करते थे। इन सिनेमाघरों के बाहर लगने वाले बड़े-बड़े पोस्टर लोगों के आकर्षण का केंद्र बनते थे। नई फिल्म रिलीज होने से पहले ही शहर में उसकी चर्चा शुरू हो जाती थी। लेकिन बदलते समय के साथ मनोरंजन के साधन भी बदल गए। मोबाइल फोन, ओटीटी प्लेटफॉर्म और डिजिटल मनोरंजन ने लोगों की जीवनशैली को पूरी तरह बदल दिया। अब लोग घर बैठे ही अपनी पसंद की फिल्में और वेब सीरीज देख लेते हैं। इसका सीधा असर सिनेमाघरों पर पड़ा और धीरे-धीरे शहर के कई प्रतिष्ठित पिक्चर हॉल बंद होते चले गए। आज हालत यह है कि कभी रौनक से भरे रहने वाले ये सिनेमाघर वीरान पड़े हैं। जहां कभी भीड़ उमड़ती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है। बंद पड़े ये हॉल मानो अपने सुनहरे दिनों की कहानी खुद बयां कर रहे हों।



## तकनीक और डिजिटल दौर ने बदली तस्वीर

तकनीक और डिजिटल दौर ने मनोरंजन की दुनिया पूरी तरह बदल दी है। मोबाइल, स्मार्ट टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म ने लोगों को घर बैठे मनोरंजन उपलब्ध करा दिया, जिससे सिनेमाघरों की चमक फीकी पड़ गई। कभी शहर की शान रहे हल्द्वानी के पुराने सिनेमा हॉल अब बदलते समय और संस्कृति के मौन गवाह बनकर खड़े हैं।

## सामूहिक मनोरंजन का सुनहरा दौर अब सिर्फ यादों में

स्थानीय लोगों का मानना है कि सिनेमाघरों का बंद होना केवल मनोरंजन के एक साधन का खत्म होना नहीं, बल्कि शहर की सांस्कृतिक पहचान के एक हिस्से का खो जाना भी है। आधुनिकता की तेज रफ्तार में हल्द्वानी ने बहुत कुछ पाया है, लेकिन पुराने सिनेमाघरों की रौनक और सामूहिक मनोरंजन का वह सुनहरा दौर अब सिर्फ यादों में सिमटकर रह गया है।

## News कॉर्नर

### हाईकोर्ट ने किया टीएचडीसी डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की याचिका को खारिज

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने टीएचडीसी डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन और अन्य द्वारा दायर एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका भारत सरकार द्वारा 11 जून 2026 को जारी उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी जिसके तहत टीएचडीसीआईएल और नीपको के निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया गया था।

याचिकाकर्ताओं ने अदालत से यह निर्देश देने की मांग की थी कि विनिवेश के बाद उनके स्थायी कर्मचारियों के रोजगार हितों और सेवा शर्तों की रक्षा की जाए क्योंकि पुनर्गठन के तहत निदेशक तकनीकी निदेशक (कार्मिक) और निदेशक (वित्त) के तीन पदों को समाप्त कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान भारत सरकार और टीएचडीसी के वकील ने याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि 11 जून 2026 के आदेश में ऐसा कहीं भी नहीं कहा गया है जिससे याचिकाकर्ताओं या उनके सदस्यों की सेवा शर्तों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े। उन्होंने अदालत को बताया कि साल 2020 में ही भारत सरकार की टी एचडीसी में 75 फीसदी हिस्सेदारी एनटीपीसी को हस्तांतरित कर दी गई थी।

ईरान-अमेरिका जंग की आंच चाबहार तक

# अमेरिका-ईरान मध्यस्थता के बीच फिर बिगड़े हालात

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिका और ईरान के बीच हो रही जंग की आंच चाबहार बंदरगाह तक पहुंच चुकी है। होर्मुज और आसपास के इलाकों में 90 से अधिक ठिकानों पर हवाई हमलों के बाद अमेरिकी सेना ने चाबहार को भी निशाना बनाया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में अमेरिकी सेना की एयर स्ट्राइक के बाद चाबहार और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

हमलों में बंदरगाह, एक समुद्री यातायात नियंत्रण टावर और पास की सैन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है। आज ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर खामेनेई को मशहद शहर में सुपुर्द-ए-खाक भी किया जाना है, ऐसे में अमेरिकी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में संकट गहराने लगा है। दोनों पक्षों की तरफ से आक्रामक बयानबाजी का सिलसिला भी जारी है। दरअसल, अमेरिका ने बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात ईरान के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चाबहार पर नए हमले किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों देश दूसरे दिन भी एक-दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। ईरान की सरकारी मीडिया में आई खबरों के मुताबिक चाबहार में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। शहर के कुछ हिस्सों में बिजली भी गुल हो गई। स्थानीय लोगों ने कई धमाके सुने। आपातकालीन सेवाओं से जुड़ी जगहों पर भी नुकसान की खबर है। यह हमले चिंताजनक इसलिए भी है क्योंकि अप्रैल में अमेरिका-ईरान युद्धविराम की घोषणा के बाद से भारत की मदद के विकसित इस रणनीतिक बंदरगाह पर पहली बार हमले हुए हैं। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के अनुसार, समुद्र में बने बुनियादी ढांचे और सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया गया। वाशिंगटन की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि इन जगहों की मदद से ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाता है। खतरों को भांपते हुए अमेरिकी सेना की मध्य पूर्व कमान- सेंटकॉम (एश्वह्ऌअएश्हरू) ने लगभग 90 ईरानी ठिकानों को निशाना बनाया। एक्स पर जारी बयान में सेंटकॉम ने लिखा, अमेरिकी सेंट्रल कमांड बलों ने ईरान के खिलाफ अतिरिक्त हमले शुरू किए हैं। इसका मकसद होर्मुज में खतरों को कम करना और जहाजों को नुकसान पहुंचाने की ईरान की ताकत पर नकेल कसना है। ईरान ने अमेरिका पर पलटवार करने के लिए कुवैत और बहरीन में उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ट्रंप के आक्रामक बयान के बीच ईरान की संसद के अध्यक्ष और मुख्य वार्ताकार गालिबाफ ने कहा, अमेरिका ने अभी तक यह नहीं सीखा है कि धमकाना और वादे तोड़ना बीते दिनों की बात हो चुकी है।





# भवाली व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे को भेजा जेल, दुष्कर्म व गर्भपात कराने का आरोप

नैनीताल
हमारे संवाददाता

दुष्कर्म व गर्भपात कराने के आरोपी भवाली व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे को आखिरकार पुलिस ने मंगलवार देर रात नाटकीय घटनाक्रम के बीच उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार की सुबह नैनीताल में न्यायालय में पेशी के बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

बता दें कि करीब दो माह पूर्व एक छात्रा ने नरेश पांडे पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भपात कराने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शुरुआती कार्रवाई के दौरान आरोपी को 23 घंटे तक हिरासत में रखा गया था। बाद में उसने अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया लेकिन राहत नहीं मिली।

इसके बाद से वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस की ओर से मामले की विवेचना के दौरान एक और पीड़िता सामने आने के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई। इसी के बाद उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के लिए पहुंची टीम को आरोपी के विरोध और हंगामे का सामना करना पड़ा। इस दौरान घर के बाहर काफी देर तक अफरा.तफरी का माहौल बना रहा। आरोपी की ओर से बॉडीवॉश पीने की सूचना मिलते ही उसे तत्काल बीडी पांडे जिला चिकित्सालय ले जाया गया। वहां चिकित्सकीय परीक्षण और आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी चिकित्सालय रेफर किया गया।

उसके बाद बुधवार सुबह पुलिस उसे नैनीताल लेकर पहुंची। वहां दोपहर में बीडी पांडे जिला अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। दूसरी ओर पुलिस कप्तान डा.मंजूनाथ टीसी ने कहा कि नरेश पांडे के खिलाफ पाकसो व गर्भपात कराने समेत विभिन्न धाराओं पर प्राथमिकी दर्ज थी। बुधवार को कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# मंदिर जाने की बात कहकर निकली महिला लापता, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

काठगोदाम क्षेत्र से एक वृद्ध महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के परिजनों ने काठगोदाम थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है।

हिमांशु पुत्र आनंद राम ने बताया कि उनकी माता गोविन्दी देवी 64 वर्ष जो मूल रूप से ग्राम सिमायत, पोस्ट नरगली, तहसील काण्डा, जिला बागेश्वर की निवासी हैं और वर्तमान में हिमालय कॉलोनी, दमुवाढूंगा में किराये पर रहती हैं, 25 जून की तड़के मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने बताया कि गोविन्दी देवी का निजी चिकित्सालय में डायलिसिस का इलाज चल रहा है। खोजबीन के दौरान 26 जून को मोबाइल पर उनसे संपर्क हुआ, जिसमें उन्होंने स्वयं के हरिद्वार में होने की जानकारी दी। इसके बाद से उनका मोबाइल फोन बंद आ रहा है और उनसे किसी प्रकार का संपर्क नहीं हो पाया है।

परिजनों ने पुलिस से महिला की गुमशुदगी दर्ज कर शीघ्र तलाश कराने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा महिला की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## नैनीताल में तेज बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**नैनीताल ।** सरोवर नगरी नैनीताल में बुधवार को मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। रात दो बजे शुरू ही मूसलाधार बारिश बुधवार को दोपहर 12 बजे तक जारी रही। नाले उफान पर आ गए और सड ?ों में जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

नगर में बारिश रात दो बजे शुरू हो गई थी। बारिश का वेग इतना अधिक था कि लोगों की नींद खुल गई। सड ?ों में जलभराव हो गया। कई घरों में भी पानी घुस गया। नाले उफान पर आने से झील में कूड़े कचरे के ढेर समा गए। वर्षा का तेज क्रम दोपहर 12 बजे तक जारी रहा। इस बीच नौकायन और आउट डोर फोटोग्राफी के अलावा अन्य पर्यटन गतिविधियां भी ठहरी रही।

# भूस्खलन से बदरीनाथ-गंगोत्री हाईवे कई जगह बंद

चमोली
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश का असर पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक देखने को मिल रहा है। कई राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन के कारण बंद हैं। वहीं हरिद्वार और रुड़की में जलभराव से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

चमोली में फरासू स्लाइड जोन में रॉक फॉल के कारण बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बंद है। उत्तरकाशी में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग नालूपानी, धरासू घाट और नगुण के पास भूस्खलन से कई जगह बाधित है, जहां बीआरओ मशीनों से मार्ग खोलने में जुटा है।

नगुण के पास लगातार पत्थर गिरने से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी है। हालांकि यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्यानाचट्टी के पास और टिहरी के सुवाखोली मोटर मार्ग पर रोतु की बैली के पास यातायात बहाल कर दिया गया है। वहीं नाकुरी ग्रामीण मोटर मार्ग अब भी बंद है। चमोली जिले के फरासू स्लाइड जोन में लगातार हो रहे रॉक फॉल के कारण बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह बंद है। पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने के चलते सुरक्षा के मद्देनजर यातायात रोक दिया गया है। एनएच की मशीनें मलबा हटाने में लगी हैं, लेकिन रॉक फॉल जारी रहने से मार्ग नहीं खुल सका है। प्रशासन ने फिलहाल देवलगढ़-चमधार वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी है।



# धारी में लगा बहुउद्देशीय जनसेवा शिविर

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से नैनीताल जिले के धारी में बुधवार को आयोजित बहुउद्देशीय जनसेवा शिविर में कुल 510 लाभार्थियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान 148 शिकायतें एवं समस्याएं प्राप्त हुई जिनमें से 107 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

शिविर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 202 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग ने 80 तथा होमयोपैथी विभाग ने 44 लाभार्थियों को निशुल्क औषधियां मुहैया कराई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 पात्र महिलाओं को मुखयमंत्री महालक्ष्मी किट वितरित की गई। इस पर मुखय विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे ने बताया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में प्रथम चरण में 5 गांवों का चयन कर तारबाड़ए सोलर फेंसिंग एवं सोलर लाइटिंग का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए।शिविर में च्यूरीगाड़ जूनियर हाई स्कूल के एक अध्यापक के स्थानांतरण का मामला भी उठाया गया। इस पर मंत्री ने तत्काल मुख्य शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित अध्यापक की पुन: तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत भेजे गए 32 सड़क प्रस्तावों में से 17 प्रस्तावों को शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि बरसात समाप्त होते ही स्वीकृत सड़कों पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा तथा अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख धारी भावना आर्या, ज्येष्ठ उप प्रमुख नंदावल्लभ समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



# बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करने को मजबूर पर्यावरण मित्र

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद नैनीताल के शेर का डांडा वार्ड के सभासद अंकित चंद्रा ने पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तीन दिनों के भीतर पर्यावरण मित्रों को बरसात के मौसम को देखते हुए सुरक्षा उपकरण(रेनकोट, रबर के बूट और सफ ाई ग्लबज)दिलाएं जाने की मांग की है। सभासद अंकित के मुताबिक भारी बारिश के बावजूद नगर पालिका के पर्यावरण मित्र बिना रेनकोट, बिना बूट और ग्लबज के सड़क पर काम करने पर मजबूर हैं। इस लापरवाही के कारण पर्यावरण मित्रों के बीमार पडने, निमेलिया फंगल और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बहुत बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि तीन दिनों के भीतर पर्यावरण मित्रों को सुरक्षा उपकरण दिए जाएं,न दिए जाने की स्थिति में वह पालिका कार्यालय पर अनिश्चित धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेगी का नैनीताल में हुआ भव्य स्वागत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी के प्रथम बार बुधवार को नैनीताल आगमन पर किसान मोर्चा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। उत्साही कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके और शाल पहनाकर सममानित किया।

इस दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेगी ने कहा किसानों की समस्याओं का हर संभव निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से किसानों से संपर्क करने को कहा और अधिक से अधिक किसानों को भारतीय जनता पार्टी से जोडने के लिए शिविर लगाने की अपील की। कहा किसान देश की आत्मा है देश की तरक्की में किसानों के योगदान को नहीं बुलाया जा सकता। स्वागत कार्यक्रम के बाद नेगी ने नगर मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली और संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा हरीश सुनाल, मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, वरिष्ठ नेता संतोष साह, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य, भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष कविता गंगोला, हरीश राणा, दया किशन पोखरिया,संतोष कुमार, सभासद पूरन सिंह बिष्ट, जिला मीडिया सह संयोजक किसान मोर्चा शैलेश सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष मयंक पंत, मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार शर्मा, कमल जोशी, राहुल जोशी, गोविंद मेहरा, युवराज सिंह करायत आदि उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

जनसमस्यों के निकारण को जनहित का शिष्टमंडल मिला डीएम से

नैनीताल । नगर की बिभिन्न समस्याओं को लेकर प्रतिष्ठित जनहित संस्था का शिष्टमंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी व संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट के निर्देशानुसार संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष दिव्या साह के नेतृत्व में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मिला।

शिष्टमंडल द्वारा चीना बाबा मंदिर मल्लीताल से बी.डी. पाण्डे जिला अस्पताल तक वन वे मार्ग के रूप में प्रतिस्थापित किये जाने की मांग को प्रमुखता से रखा। शिष्टमंडल के मुताबिक यह मार्ग पैदल यात्रियों के लिए आवागमन हेतु पूर्व से ही विद्यमान है अब नैनीताल शहर में पर्यटकों के अलावा स्थानीय स्तर के वरिष्ठ नागरिक विद्यालय के बच्चे भी इस मार्ग से नित्य आवागमन करते हैं वर्तमान में नैनीताल में गाडि ?ं व दो पहिया वाहनों की संखया इतनी अधिक हो गई है जिसके चलते मार्ग चलने लायक नहीं रहा है इसमें स्थानीय लोगों के बुजुर्ग व वयोवृद्ध महिलाओं इत्यादि को पैदल चलने में अत्यधिक कठिनाई होती है । शिष्टमंडल ने कहा कि इस मार्ग को केवल पैदल मार्ग के रूप में प्रतिस्थापित किया जाए यदि संभव हुआ तो वाहनों को मेट्रोपोल वाले मार्ग से चलाया जाय। शिष्टमंडल में प्रो. ललित तिवारी समेत महासचिव महेश चंद्र आर्य, सोनू शाह उपस्थित थी। शिष्टमंडल को अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। शिष्टमंडल के मुताबिक डीएम ने समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### कूटा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट को गिनाई समस्याएं



नैनीताल । कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के शिष्टमंडल ने बुधवार को नैनीताल पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से मुलाकात की तथा श्री भट्ट को पुष्प गुच्छ भेंट कर सममानित किया । इस दौरान शिष्ट मंडल ने नियमितिकरण डेट बढाने समेत बेतन वृद्धि सहित नैनीताल की समस्याओं को श्री भट्ट के समक्ष प्राथमिकमता से रखा। शिष्टमंडल में विधायक सरिता आर्य, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्या व कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी शामिल रहे ।

### बीरभट्टी में पेड़ गिरने से यातायात बाधित,लोगों की फजीहत

नैनीताल । जिले के हल्द्वानी -अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीरभट्टी में बुधवार की शाम को पांच बजे विशालकाय पेड़ गिरने से यात्रियों को घंटों सड़क खुलने का इंतजार करना पड़ा जिसकारण कई यात्रियों को काठगोदाम रेलवे स्टेशन तक पहुंचने काफी विलंब का सामना करना पड़ा। इस दौरान एन एच विभाग और वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर पेड़ हटाने प्रक्रिया शुरु करने में स्थानीय लोगो द्वारा सहयोग किया जिसमें रतन सिंह के अलावा सरस्वती विहार विद्यालय के देवेन्द्र अधिकारी आदि प्रमुख थे। पेड़ गिरने का कारण वर्षा का अधिक होना बताया जा रहा है।

### मेरा पौधा -मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत किया पौधरोपण

नैनीताल । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 723वे दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 723वें दिन मेरा पौधा -मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत डीडीहाट और चर्मा के बीच में खोलिया ढाबा परिसर में अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में पौधारोपण किया। बृहद स्तर पर चले इस पौधारोपण कार्यक्रम में सड़क के किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित होटल तथा ढाबा के परिसर में पौधारोपण किया जा रहा है। पौधे की देखभाल भी होटल स्वामी करेंगे। खोलिया होटल के मालिक कमलेश खोलिया ने कहा कि अब वह इन पौधों का संरक्षण परिवार के एक सदस्य के रूप में करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी को पौधारोपण अभियान से जुडना चाहिए। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह मनोला, जगत सिंह मनोला, दीपचंद जोशी व गौरव पांडे उपस्थित रहे। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि पर्यावरण टास्क फोर्स पिथौरागढ़ द्वारा पौधे मुहैया कराए गए।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

# ऑपरेशन प्रहार के तहत कुमाऊं पुलिस की बड़ी कार्रवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**सफलता**

- 91.16 ग्राम अवैध स्मैक (हैरोइन)के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

लक्ष्य नशामुक्त उत्तराखण्ड अभियान के क्रम में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र निवेदिता कुकरेती के निर्देशन में परिक्षेत्रीय एसओटीएफ कुमायूँ तथा जनपद ऊधमसिंहनगर की कोतवाली किच्छा की चौकी लालपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है।

आईजी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 7 जुलाई (मंगलवार) को देर सायं संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गुरुद्वारे वाली गली लालपुर थाना किच्छा क्षेत्र में प्रभावी चेकिंग एवं कार्रवाई के दौरान एक शातिर अभियुक्त को 91.16 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफतार किया गया।बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली किच्छा में मुकदमा अपराध संखया 248/2026 अंतर्गत धारा 8/21 एनडीपीएस एकट में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

गिरफ्तार अभियुक का नाम मलकीत सिंह (38) पुत्र सोहन सिंह निवासी गुरुद्वारे वाली गली लालपुर थाना किच्छा जनपद ऊधमसिंहनगर है।अभियुक्त पूर्व से भी मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में संलिप्त रहा है। संयुक्त पुलिस टीम में प्रभारी एसओटीएफ कुमायूँ रेंज मय टीम,उ0नि0 बसन्त प्रसाद, तथा कांस्टेबल0 त्रिलोक सिंह चौकी लालपुर कोतवाली किच्छा जनपद ऊधमसिंहनगर शामिल रहे।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में निजी अस्पतालों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरुरी:जिलाधिकारी रयाल

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने नैनीताल जिले के सभी पंजीकृत निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम तथा डे-केयर सेंटर, पॉलीकलिनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर एवं अन्य कलीनिकल एस्टेलिशमेंट से राष्ट्रीय एवं राज्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है।

जिलाधिकारी द्वारा मुखय चिकित्सा अधिकारी नैनीताल और जनपद में पंजीकृत निजी चिकित्सालयों को जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा एवं संवर्धन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में प्रत्येक चिकित्सा संस्थान का नैतिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक दायित्व है कि वह सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम, पल्स पोलियो अभियानए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रमए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के सफल संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने निजी चिकित्सालयों से अपेक्षा की है कि वे पात्र लाभार्थियों को राष्ट्रीय टीकाकरणए पल्स पोलियो एवं अन्य जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करें,आवश्यकता अनुसार मरीजों को निकटतम सरकारी टीकाकरण केन्द्र अथवा अधिकृत स्वास्थ्य इकाई के लिए संदर्भित (रेफर) करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विशेष अभियानों, जन.जागरूकता कार्यक्रमों एवं रोग नियंत्रण गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

जिलाधिकारी रयाल ने स्पष्ट किया कि पंजीकृत कलीनिकल एस्टेलिशमेंट का निरीक्षण, अनुश्रवण एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी को प्राप्त है। इसलिए सभी संस्थान लागू अधिनियमों, नियमों एवं शासनादेशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी निजी चिकित्सा संस्थान जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वित रूप से कार्य करें जिससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## खतरे की अनदेखी

*अनियोजित और अवैध खनन से नदियों के मुहाने बंद हो गये हैं। बरसात होने पर बाढ़ का पानी मुख्य धारा में नहीं बह पाता और आसपास आबादी वाले क्षेत्र का रुख करता है। पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन की आशंका वाली जगहों पर भी मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। मानसून की शुरुआत में ही भूस्खलन से अनेक सड़कों पर यातायात बंद हो गया। पर्वतीय क्षेत्र में विषम भौगोलिक परिस्थिति के कारण सड़क और पानी निकासी के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान है। भाबर और तराई में मानसून से पहले नहरों और नालों की तलीझाड़ सफाई का दावा किया गया था। कुछ नहरों की सफाई की गई और जेसीबी से मलबा निकाल कर नहर के किनारे ढेर लगा दिया गया। बारिश होने पर कूड़ा-कचरा नहर में ही समा रहा है।*

शासन और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठना मामूली बात है। मानसून शुरू होते ही हादसे होने लगे। हाईकोर्ट कई बार नदियों के चैनलाइजेशन, बाढ़ राहत कार्य और मलबा उठाने का आदेश राज्य सरकार को दे चुका है। मानसून की पहली बारिश में ही कई नदियों में आई बाढ़ से भूकटाव होने लगा। हल्द्वानी की गौला नदी ने मानसून के दौरान रेल की पटरियों के नीचे भूकटाव करके ट्रेन यातायात बाधित कर दिया था। सर्दी और गर्मी का मौसम बीत गया, लेकिन मरम्मत का कार्य पूरा नहीं किया गया। यह सिर्फ एक उदाहरण है, प्रदेश की अन्य नदियों द्वारा पिछले साल बरसात के दौरान बाढ़ और भूकटाव से जिन बस्तियों को खतरा पैदा किया गया था, उनकी मरम्मत का काम नहीं किया गया। जनहित याचिका में कहा गया कि नंधौर, गौला, कोसी, गंगा, दाबका आदि नदियों से हो रहे भूकटाव से आबादी वाले क्षेत्रों को खतरा उत्पन्न हो गया है। पिछले साल नदियों में उफान से हजारों हेक्टेयर वन भूमि, पेड़ और सरकारी योजनाओं के अधूरे निर्माण कार्य बह गए थे। चैनलाइजेशन नहीं करने से नदियों ने अपना रुख आबादी की तरफ कर लिया है। पिछले साल ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, हल्द्वानी, रामनगर, रुड़की, देहरादून में बाढ़ से भारी क्षति हुई थी। हल्द्वानी में गौला नदी में बाढ़ से सबसे अधिक खतरा रेलवे ट्रैक को होता है। काठगोदाम से किच्छा तक रेल लाइन गौला नदी के किनारे से गुजरती है। हर साल किसी न किसी जगह गौला के भूकटाव से रेलवे लाइन हवा में झूलने लगती है। ट्रेनों का संचालन स्थगित करना पड़ता है। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर ही रेल लाइन के नीचे की जमीन को गौला नदी की बाढ़ ने खोखला कर दिया था। दूसरी लाइन से यातायात का संचालन किया गया। गौला पार स्थित स्टेडियम की सुरक्षा दीवार को भी क्षति पहुंची थी। मानसून का मौसम बीत जाने के बाद भूकटाव से हुई क्षति को दुरुस्त नहीं किया गया। बरसात शुरू होने पर फिर संकट नजर आ रहा है, जबकि सर्दी और गर्मी के मौसम में नदी का रुख बदला जा सकता था। अनियोजित और अवैध खनन से नदियों के मुहाने बंद हो गये हैं। बरसात होने पर बाढ़ का पानी मुख्य धारा में नहीं बह पाता और आसपास आबादी वाले क्षेत्र का रुख करता है। पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन की आशंका वाली जगहों पर भी मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। मानसून की शुरुआत में ही भूस्खलन से अनेक सड़कों पर यातायात बंद हो गया। पर्वतीय क्षेत्र में विषम भौगोलिक परिस्थिति के कारण सड़क और पानी निकासी के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान है। भाबर और तराई में मानसून से पहले नहरों और नालों की तलीझाड़ सफाई का दावा किया गया था। कुछ नहरों की सफाई की गई और जेसीबी से मलबा निकाल कर नहर के किनारे ढेर लगा दिया गया। बारिश होने पर कूड़ा-कचरा नहर में ही समा रहा है।

# बिजली बिल के नाम पर 45 हजार की ठगी का आरोप, कोर्ट पहुंचा मामला

### मीटर उखाड़ने, फर्जी चेक देने और जान से मारने की धमकी का आरोप, पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का भी आरोप

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बिजली बिल जमा कराने के नाम पर 45 हजार रुपये की कथित ठगी, मीटर उखाड़कर ले जाने और फर्जी चेक देने का आरोप लगाते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि पुलिस से शिकायत के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, जिसके बाद उसने न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम) हल्द्वानी की अदालत में भारतीय नागरिक सुरक्षा के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है।

राजा कुरैशी का आरोप है कि 18 दिसंबर 2025 को एक व्यक्ति बिजली विभाग के कर्मचारी बताकर उसके घर पहुंचा और बिजली बिल जमा कराने के नाम पर 41 हजार रुपये नकद तथा 4 हजार रुपये गूगल-पे के माध्यम से 45 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद उसने यह कहकर घर का बिजली मीटर उखाड़



लिया कि मीटर खराब है और एक-दो दिन में नया मीटर लगा दिया जाएगा। प्रार्थी का कहना है कि लंबे समय तक न तो नया मीटर लगाया गया और न ही जमा धनराशि की रसीद दी गई। शिकायत पर बिजली विभाग के अधिकारियों के समक्ष दोनों पक्षों को बुलाया गया, जहां आरोपी ने कथित रूप से 42 हजार रुपये का चेक दिया। हालांकि बैंक में प्रस्तुत करने पर चेक हस्ताक्षर भिन्न होने और खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण अनादरित हो गया। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि चेक आरोपी की पत्नी के खाते का था तथा चेक बाउंस होने के बाद आरोपियों ने रुपये लौटाने से इनकार कर दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही बिजली विभाग का मीटर भी आज तक नहीं लगाया गया।

प्रार्थी का यह भी कहना है कि उसने 8 अप्रैल 2026 को बनभूलपुरा थाना और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी, लेकिन आज तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसी कारण न्यायालय से पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के आदेश देने की मांग की गई है

## पॉस्को का आरोपी किशोर पुलिस हिरासत में,बाल सुधार गृह भेजा

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाकर उससे दुष्कर्म के आरोपी नाबालिग लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक माह अप्रैल 26 में एक नाबालिग लड़की को पीलीभीत यूपी निवासी एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। परिजनों को पता चला तो परिवार के लोग पुत्री को लेकर आ गये। बताया जा रहा है कि पुत्री की तबियत खराब हुई तब पता चला किशोरी गर्भवती निकली। बाद में मामला पुलिस के पास पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसएसआई खुशवंत सिंह ने बताया कि पुलिस को आरोपी की लोकेशन यूपी के मथुरा जनपद में मिली। लोकेशन के आधार पर पुलिस उसे वहां से पूछताछ के लिए लेकर आई। पूछताछ के बाद आरोपी नाबालिग निकला। कार्रवाई के बाद उसे बाल सुधार गृह भेज दिया। विवेचना महिला एसआई नेहा राणा कर रही है।

## एक लाख का ईनामी अपराधी को घेराबंदी कर दबोचा

रुद्रपुर। जनपद में ईनामी, वांछित अपराधियों खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत डायल-112 की सूचना मिली कि चैती मेला मार्ग पुरानी चौकी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली आईटीआई पुलिस ने मौके पर पहुंच उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम योगेश मालिक उर्फ भदौरिया पुत्र भोपाल सिंह, निवासी ग्राम भदौड़ा, थाना रोहटा मेरठ उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा .315 बोर,3 जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने बताया कि मेरठ में 37, बुलंदशहर में 6, सहारनपुर,बागवत, गाजियाबाद एक एक मुकदमा दर्ज है। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त से कड़ी पूछताछ एवं अन्य राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित करने पर पता चला कि गिरफ्तार अभियुक्त उत्तर प्रदेश पुलिस का घोषित एक लाख का इनामी गैंगस्टर है।

# बंद मकान का ताला तोड़ लाखों का सामान चोरी, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने एक बार फिर पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला रामपुर रोड स्थित बैड़ापोखरा क्षेत्र का है, जहां अज्ञात चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

बैड़ापोखरा निवासी हेमंत सिंह 27 जून को परिवार सहित बागेश्वर गए थे। 29 जून की शाम जब वह वापस घर लौटे तो मुख्य गेट और चैनल गेट के ताले टूटे मिले। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोर लैपटॉप व चार्जर, 42 इंच की एलईडी, सीलिंग फैन,मोबाइल फोन, मंदिर में रखी पीली धातु की चार मूर्तियां, एक आसन, दो पेंडेंट, तांबे का धार्मिक पात्र तथा एक ट्रैकिंग बैग चोरी कर ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। इस संबंध कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज उनकी तलाश शुरू कर दी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं का खुलासा कर पुलिस भले ही अपनी पीठ थपथपा रही हो, लेकिन बंद मकानों में हो रही बड़ी चोरियां पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पुलिस इस सनसनीखेज चोरी का खुलासा कब तक कर पाती है।

## अपर सचिव आयुष ने लालपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन्द्र का निरीक्षण किया

रुद्रपुर। अपर सचिव आयुष विभाग उत्तराखंड विजय कुमार जोगदण्डे ने लालपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) केन्द्र का निरीक्षण कर दवाईयां, उपकरण आदि की विस्तृत जानकारियां ली।

उन्होंने निर्देश दिये कि केन्द्र में आने वाले मरीजो का जांच कर अच्छी तरह उपचार करे व उनका डिटेल भी रजिस्टर में अंकित करें और उनसे उपचार से सम्बन्धित फिडबैक भी लिया जाये। सचिव ने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देश दिये कि आयुर्वेद उत्कर्ष केन्द्र के बारे में प्रचार-प्रसार करें। ताकि लोगों को पता चल सकें कि केन्द्र में नियमित उपचार भी किया जा रहा। निरीक्षण के दौरान एडीएम कौस्तुभ मिश्र, तहसीलदार किच्छा गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ निवेदिता जोशी, अपर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ दीपक सरकार आदि मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## अंशुला के रिसेप्शन पर थिरके रणवीर और अर्जुन कपूर





*रणवीर सिंह ने अर्जुन कपूर की बहन अंशुला के रिसेप्शन में जमकर डांस किया। एक वायरल वीडियो में उनका मस्ती भरा अंदाज, अर्जुन कपूर और सिंगर हिमेश रेशमिया के साथ देखने को मिला।*

*अभिनेता अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर का रिसेप्शन फंक्शन था। इस इवेंट में कपूर खानदान के अलावा कई बॉलीवुड सेलेब्स भी पहुंचे। रिसेप्शन फंक्शन से कई वीडियो वायरल हैं। एक वीडियो में अर्जुन और रणवीर सिंह एक खास गाने पर डांस कर रहे हैं। साथ ही हिमेश रेशमिया के साथ भी एक हिट सॉन्ग गाते हुए दोनों एक्टर्स नजर आ रहे हैं। साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'गुंडे' में अर्जुन कपूर और रणवीर सिंह ने साथ अभिनय किया था। इस फिल्म के एक गाना था 'तूने मारी एंट्रीज', इसी सॉन्ग पर रणवीर सिंह और अर्जुन कपूर, अंशुला के रिसेप्शन में डांस करते दिखे। दोनों ने मस्ती भरे अंदाज में इस गाने में जमकर डांस किया। अंशुला के रिसेप्शन से ही एक और वीडियो वायरल है, इसमें अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह गाना गाते हुए नजर आए। यह दोनों हिमेश के साथ उनके हिट सॉन्ग 'कितने अरमान..' को गा रहे हैं और खूब एंज्वॉय कर रहे हैं।*

### कई सेलेब्स रिसेप्शन में पहुंचे थे

*अंशुला कपूर के वेडिंग रिसेप्शन में रेखा, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, रितेश देशमुख, जेनिलिया डिसूजा के अलावा कई सेलेब्स भी पहुंचे। अर्जुन कपूर के दोस्त और परिवार के लोग भी इस रिसेप्शन में नजर आए। अर्जुन कपूर की सौतेली बहन जान्हवी कपूर भी रिसेप्शन में दिखीं।*

# काशीपुर में आबकारी विभाग की अवैध शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी

**काशीपुर**
हमारे संवाददाता

आबकारी आयुक्त एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्र में जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र सिंह बिष्ट के निर्देशन में सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान अवैध शराब के निर्माण व बिक्री एवं भंडारण के अड्डों का ध्वस्तीकरण के तहत ग्राम रम्पुरा में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नाले व खेत पर अवैध शराब खाम निर्माण कर रही 3 भट्टियां एवं 15000 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया। इसके ही आसपास की तलाशी पर लगभग 130 लीटर अवैध कच्ची शराब खाम बरामद कर अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 4 अभियोग पंजीकृत किये गये। इसके अलावा टीम ने ढकिया गुलाबो और गिन्नी खेड़ा इलाके में भी दबिश दी। दबिश के दौरान दोनों जगहों से लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। दो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 में अभियोग दर्ज किया गया। है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध शराब की बिक्री, निर्माण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान काशीपुर के आबकारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह,उप आबकारी निरीक्षक आशीष सिद्दीकी, आबकारी सिपाही कैलाश चन्द्र भट्ट,कृष्ण चन्द्र आर्या, सुनीता रानी, सुमन आर्या,नैनिका राणा,अंजली गोसाईं आदि शामिल रहे।



News कॉर्नर

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा हल्द्वानी विधानसभा की बैठक आयोजित

हल्द्वानी। अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा हल्द्वानी विधानसभा की बैठक गुसाई नगर हल्द्वानी में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप जिला अध्यक्ष मोर्चा रविंद्र बाली आर्य का रहना हुआ ओर वक्ता के रूप में जिला प्रभारी मोर्चा सूरज प्रेहरी रहे । जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली ने कहा सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास सबका विकास के नारे के साथ जिले में अनुसूचित समाज एक होकर भारतीय जनता पार्टी को तीसरी बार सत्ता में लायेगा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को तीसरी बार फिर मुख्यमंत्री की शपथ दिलाएगा । मुख्य वक्ता ने अनुसूचित समाज में किए जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया । कार्यक्रम में संचालन ऋषभ भारती ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भवन आर्य ने की कार्यक्रम में जिला महामंत्री मोर्चा चंद्र प्रकाश आर्य जिला मंत्री दिनेश सागर विपिन कुमार मोहन राम बालीराम नमन कुमार कमल कुमार गिरीश सिंह नंदकिशोर आर्य अरविंद कुमार रजत दिवाकर संजय सागर बहुसंख्या में मातृशक्ति बुजुर्ग उपस्थित रहे ।

## हाईकोर्ट ने दिए लैब टेकनीशियनों को अन्य समकक्ष पदों के समान वेतनमान देने के निर्देश

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने राज्य के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में कार्यरत लैब टेकनीशियनों को अन्य समकक्ष पदों के समान वेतनमान देने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकल पीठ ने कुसुम रावत व अन्य बनाम उत्तराखंड राज्य तथा कई अन्य संबद्ध याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए लैब टैकनीशियनों को एकसरे टेकनीशियन और डेंटल हाइजीनिस्ट के समान वेतनमान देने के निर्देश जारी किए हैं।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी और एनआईएसएम के बीच समझौता

भीमताल

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर ने उद्योग.जगत और शिक्षा के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल करते हुए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की क्षमता निर्माण संस्था नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सियोरिटीज मार्केट्स के साथ 8 जुलाई 2026 को एक लेटर ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता, व्यावसायिक कौशल तथा व्यवहारिक ज्ञान से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ के एनआईएसएम सहायक महाप्रबंधक श्री सुभायु दास के स्वागत



एवं विश्वविद्यालय के निदेशक के संबोधन से हुआ। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि वर्तमान समय में प्रतिभूति बाजार का महत्व लगातार बढ़ रहा है और प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप ज्ञान एवं व्यावसायिक प्रमाणपत्र प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रो. डॉ. कमल घनशाला संस्थापक अध्यक्ष ग्राफिक एरा समूह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और अवसर मुहैया करा रहा है। उन्होंने छौंड के साथ हुए इस सहयोग को विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे उन्हें उद्योग मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र, व्यवहारिक अनुभव और वैश्विक स्तर के कौशल प्राप्त होंगे। साथ ही उन्होंने शिक्षकों को भी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

सहायक महाप्रबंधक श्री सुभायु दास ने कहा कि यह साझेदारी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को कम करते हुए विद्यार्थियों के व्यवहारिक कौशल और वैश्विक दक्षताओं का विकास करना तथा शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण संसाधनों और व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों से जोडना है।समझौते के अंतर्गत फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम मान्यता प्राप्त प्रमाणन पाठ्यक्रम, उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवादए वित्तीय साक्षरता अभियान, सिमुलेशन लैब भ्रमणए निश्शुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रमए शैक्षणिक अध्ययन भ्रमण, राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज में सहभागिता तथा विश्वविद्यालय में टेस्ट सेंटर की स्थापना सहित अनेक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।कार्यक्रम का समापन दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा समझौता पत्र पर हस्ताक्षर एवं दस्तावेजों के आदान.प्रदान के साथ हुआ जिससे इस सहयोगात्मक साझेदारी का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

# रम्पुरा के तीन वार्डो से होकर जाने वाले जर्जर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रम्पुरा क्षेत्र के लोगों को विधायक शिव अरोरा ने बड़ी राहत दी। विधायक की मौजूदगी में कटोरी मन्दिर चंद्रपाल किराना तक जाने वाले महत्वपूर्ण रोड का निर्माण कार्य शुरू हो गया। यह रोड पिछले 2 वर्ष से अधिक समय से जर्जर की हालत में था।

विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रम्पुरा की जनता लंबे समय से परेशान थी। इस मार्ग का निर्माण होने से जनता को राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि जनसेवा का संकल्प लेकर समग्र रुद्रपुर विधानसभा का विकास कार्यों को एक संकल्प के साथ तेज गति से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। यह मार्ग रम्पुरा के 3 वार्डो से होकर गुजरता है । विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में सकारात्मक सोच के साथ रुद्रपुर में विकास कार्यों को आगे ब ?िया है।



उन्होंने बिना कोई देरी किये इस मार्ग का निर्माण आरम्भ करवाया दिया है इस निर्माण की लागत लगभग 20 लाख है। रम्पुरा के लोगो को इस बदहाल सड़क से निजाद मिलेगी। उन्होंने बताया कि रम्पुरा में बरातघर विस्तारिकरण व सौंदर्यकरण कार्य भी मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल हो गया है। जिसका प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। इस दौरान पार्षद गिरीश पाल, चंद्रसेन चंदा,राजकुमार कोली, डॉ महेश कोली, सौरभ गुप्ता, राज कोली, सुदामा कोली, रामवती,प्रभा देवी,मयंक कक्कड़, मनोज मदान, सन्नी पासवान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गूगल से निकाला कस्टमर केयर नंबर पड़ा भारी, सैमसंग कर्मचारी बनकर साइबर ठगों ने 16.14 लाख उड़ाए

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

ऑनलाइन कस्टमर केयर नंबर खोजकर शिकायत दर्ज कराना काठगोदाम निवासी एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया। खुद को सैमसंग कंपनी का कर्मचारी बताने वाले साइबर ठग ने व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर मोबाइल हैक कर लिया और दो बैंक खातों से करीब 16.14 लाख रुपये निकाल लिए। पीडति की तहरीर पर काठगोदाम कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में शीशमहल, काठगोदाम निवासी सेवा प्रकाश चौधरी ने बताया कि 20 जून को उनका टीवी खराब हो गया था। शिकायत दर्ज कराने के लिए उन्होंने गूगल से सैमसंग कंपनी का टोल-फ्री नंबर खोजकर कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। कुछ देर बाद एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को सैमसंग कंपनी का कर्मचारी बताया और व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजकर उसे खोलने के लिए कहा।

पीड़ित के अनुसार लिंक खोलते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद उनके बैंक और एचडीएफसी बैंक के खातों से कुल 16,14,501 रुपये साइबर ठगों ने निकाल लिए। इतना ही नहीं, आरोपी ने मोबाइल से अपने कॉल नंबर भी डिलीट कर दिए, जिससे उसका पता नहीं चल सका। घटना के बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ही काठगोदाम कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# किरायेदार महिला पर ब्लैकमेलिंग, रंगदारी और बेटियों को बदनाम करने का आरोप, कोर्ट पहुंची मकान मालकिन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा क्षेत्र की एक महिला ने अपनी पूर्व किरायेदार, उसके बेटे और बहन पर ब्लैकमेलिंग, रंगदारी, धमकी, मारपीट तथा बेटियों को बदनाम करने के गंभीर आरोप लगाते हुए न्यायालय की शरण ली है। प्रार्थिनी ने प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट, की अदालत में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 175(3) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल कर थाना बनभूलपुरा को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश देने की मांग की है।

न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, गौजाजाली निवासी रानी ने बताया कि उसने हिना उर्फ सादिया को पारिवारिक समझकर अपने मकान में किराये पर कमरा दिया था। आरोप है कि किराये पर रहने के दौरान हिना ने उसके पति समीर से नजदीकियां बढ़ाई और बाद में कथित तौर पर ब्लैकमेल कर गूगल पे एवं नकद के माध्यम से बड़ी रकम वसूल की। विरोध करने पर मकान अपने नाम कराने का दबाव बनाया गया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2025 में दोनों पक्षों के बीच थाने में समझौता हुआ था, जिसमें कथित रूप से 70 हजार रुपये, सोने का कड़ा और मोबाइल देने का उल्लेख है। इसके बावजूद आरोपित पक्ष लगातार मकान अपने नाम कराने का दबाव बनाता रहा।

महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपितों ने उसके घर में घुसकर बेटियों के साथ मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी तथा परिवार को बदनाम करने की कोशिश की। इसके अलावा बेटियों के मोबाइल नंबर को कथित रूप से अश्लील ऐप पर डालने, विदेशों से अश्लील कॉल और संदेश आने तथा स्कूल जाते समय पीछा करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। प्रार्थिनी का कहना है कि उसने पहले थाना बनभूलपुरा सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी शिकायत भेजी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब न्यायालय से प्राथमिकी दर्ज कराने के आदेश की मांग की गई है।

## एकतरफा मुकाबले में 9-0 से जीता न्यू चैलेनजर

**नैनीताल** । नैनीताल के डीएसए मैदान में खेली जा रही 103वीं लैडों लीग फुटबाल प्रतियोगिता में बुधवार को एकमात्र मैच खेला गया। बता दें मैच से पहले न्यू चैलेनजर के एक खिलाड़ी हर्षित राणा जिनकी जून माह में निधन हो गया था। उनकी याद में डीएसए नैनीताल के परिवार और खिलाड़ियों व खेल प्रेमी जनता ने दो मिनट का मौन रखकर अपने शहर के उदीयमान दिवंगत खिलाड़ी को याद किया।

# अस्पताल के सामने से चोरी हुई स्कूटी बरामद, वाहन चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए चोरी की गई स्कूटी बरामद कर एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। दो दिन पूर्व बेस चिकित्सालय के सामने से स्कूटी चोरी होने के मामले मे पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता के नेतृत्व में चौकी मंगलपड़ाव पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान घास मंडी, मंगलपड़ाव क्षेत्र से चोरी की गई स्कूटी संख्या यूके 04 एसी 0373 बरामद कर आरोपी सौरभ आर्या को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ एवं जांच के आधार पर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

**आरोपी पकड़ेः** सौरभ आर्या पुत्र योगेश आर्या, निवासी बागजाला, गोलापार, थाना काठगोदाम, बताया। कोतवाल विजय मेहता का कहना है कि नगर में हो रही चोरियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। सफलता पाने वाली टीम में एस आई दीपक सिंह कार्की, चौकी मंगलपड़ाव कांस्टेबल संतोष बिष्ट, कांस्टेबल भूपाल सिंह आदि

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने किया नैनीताल में पौधरोपण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बुधवार को अपने नैनीताल प्रवास के दौरान सूखाताल में एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में खाली स्थानों पर अधिक से अधिक पौधरोपण करना पुण्य कार्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह रोपित पौधे के बाद उसके बड़े होने तक उसकी सुरक्षा का भी जिममा लें।



इस मौके पर विधायक सरिता आर्या, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री दिनेश आर्या, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, दर्जा मंत्री शांति मेहरा, दिनेश आर्या, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य, कुमाऊं विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, आनंद बिष्ट, दया किशन पोखरिया, हरीश राणा, हेम चंद्र आर्या, गजाला कमाल, लता दफौटी,दया बिष्ट, कविता गंगोला, विमला अधिकारी समेत वन विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## ज्योलीकोट में 19 वर्षीय किशोर ने की आत्महत्या

**नैनीताल**। जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट में मंगलवार की देर रात्रि 19वर्षीय किशोर नितिन कुमार ने अज्ञात कारणों से फ ांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। रात्रि खाना खाकर वह अपने कमरे में सोने गया था और बुधवार को फ ंदे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी प्रातः तब हुई जब पिता सुरेन्द्र कुमार उसे जगाने के लिए कमरे में गए। सूचना पर चौकी इंचार्ज श्याम सिंह बोरा और पुलिस कर्मियों ने शव को कबजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नैनीताल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टैकसी चालक मूल रूप से कटरा शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश निवासी सुरेंद्र कुमार बीस से ज्यादा वर्षो से ज्योलीकोट में रहते हैं। परिवार में पत्नी सहित दो पुत्र और एक पुत्री में नितिन सबसे छोटा पुत्र है जबकि दोनों भाई बहन बाहरी प्रदेशों में नौकरी करते है।